रिपोर्ट

[1Pl 3/48 UP NCC COY]

स्वच्छ कार्यालयी प्रतिस्पर्धा 1.0 में एन.सी.सी. कैडेटों की सर्वेक्षण टीम सदस्य के रूप में भागीदारी

स्वच्छ वातावरण में, स्वच्छता के साथ रहना आदर्श मानव मूल्यों का द्योतक है। स्वच्छ परिवेश, स्वस्थ जीवन की आधारशिला है और इसी कारण वर्ष 2014 में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने समस्त भारतवासियों को स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ते हुए स्वच्छता के एक आदर्श परिवेश को स्थापित करने के लिए आह्वान किया। इसी के अन्तर्गत वर्ष 2014 से प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को स्वच्छता से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करके इस दिशा में बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी के अन्तर्गत जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती नेहा शर्मा के नेतृत्व में जिले के विभिन्न कार्यालयों को साफ सफाई और स्वच्छ परिवेश स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा स्वच्छ कार्यालयी प्रतिस्पर्धा के प्रथम चरण में प्रतिभाग के लिए आह्वान किया गया। इसके अन्तर्गत लगभग 49 कार्यालयों ने प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग किया और श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के विभिन्न छात्र छात्राओं को एक शिक्षक की देखरेख में 8 टीमों का गठन किया गया, जिसकी प्रत्येक टीम में 4 छात्र छात्राएं और शिक्षक शामिल थे। प्रत्येक टीम में एक- एक एनसीसी कैडेट ने भी सर्वेक्षण के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया और अपनी रिपोर्ट प्राचार्य महोदय प्रो रवींद्र कुमार के माध्यम से सौंपी । इस प्रतिस्पर्धा में प्राचार्य महोदय ने नोडल अधिकारी के रूप में जिला प्रशासन का सहयोग किया। इस दौरान इन सभी एनसीसी कैडेटों को जिला प्रशासन और इससे सम्बन्धित लगभग सभी महत्वपूर्ण कार्यालयों की कार्य पद्धति देखने का अवसर प्राप्त हुआ और नेतृत्व के गुणों और क्षमता का विकास हुआ।

इन विभिन्न टीमों के अन्तर्गत अंडर अफसर हर्षिता मिश्रा, कैडेट निधि तिवारी, सलमा, अभय प्रताप सिंह, वारिस अली, आंचल पाण्डेय, वंशिता शुक्ला आदि कैडेटों ने सफलतापूर्वक प्रतिभाग किया।

जय हिन्द।

डॉ. अमित कुमार शुक्ल
केयर टेकर
एन.सी.सी. उप-इकाई

प्रशासनिक भवन

आदर्श नगर पंचायत कार्यालय खरगूपुर जनपद-गोण्डा
GPS Map Camera
Khargupur Imilia, Uttar Pradesh, India
9XFR+X34, SH 1A, Khargupur Imilia, Khargupur, Uttar Pradesh 271204, India
Lat 27.374785°
Long 81.990125°
29/09/23 12:50 PM GMT +05:30
Google

कार्यालय नगर पंचायत परसपुर गोण्डा

कार्यालय
नगर पालिका परिषद नवाबगंज,गोण्डा

realme
Shot on realme 9i
2023.09.29 13:31

जनपद के सरकारी दफ्तरों की स्वच्छता की परीक्षा शुरू, मूल्यांकन करने पहुंचे छात्र

गोण्डा (डीएनएन)। जनपद के सरकारी कार्यालयों की स्वच्छता की परीक्षा शुक्रवार को शुरू हो गई। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों की आठ टीम कई कार्यालयों में मूल्यांकन के लिए पहुंची। यह मूल्यांकन कार्य स्वच्छ कार्यालय प्रतिस्पर्धा के अन्तर्गत किया जा रहा है। मूल्यांकन के पहले दिन 35 सरकारी कार्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति को परखा गया। अन्य कार्यालयों का मूल्यांकन शनिवार को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों को गांधी जयंती के अवसर पर आगामी दो अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सरकारी कार्यालयों में पहुंचने वाले जनपदवासियों को स्वच्छ माहौल मुहैया कराने मुहैया कराने के उद्देश्य से स्वच्छ कार्यालय प्रतिस्पर्धा की शुरुआत की है।

- **स्वच्छ कार्यालय प्रतिस्पर्धा के अन्तर्गत 35 सरकारी दफ्तरों का किया गया मूल्यांकन**
- **उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्यालयों को 2 अक्टूबर को दिया जाएगा पुरस्कार**

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं को इसमें जोड़ा गया है। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो0 आरके पाण्डेय ने बताया कि मूल्यांकन के लिए सभी कार्यालयों से एक स्व-मूल्यांकन फार्म भरवाया गया है। कॉलेज स्तर पर पांच-पांच सदस्यों की आठ टीम बनाई गई हैं।

यह टीम स्व मूल्यांकन फार्म में दी गई जानकारियों के आधार पर कार्यालयों की समीक्षा कर रही है। इतना ही नहीं, टीम द्वारा कार्यालयों में पहुंचने वाले आगंतुकों से भी स्वच्छता की स्थिति के संबंध में प्रतिक्रिया ली जा रही है। प्रिंसिपल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे से मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू की गई है। पहले दिन टीम ने सिटी मजिस्ट्रेट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय, राजकीय पॉलीटेक्निक गोण्डा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी समेत करीब 35 कार्यालयों का मूल्यांकन किया है।

लखनऊ 29-09-2023
http://www.dailynewsactivist.com
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda